## खबर संक्षेप

### गौरव दिवस पर आज आयोजित होगी मैराथन

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने बताया कि छिंदवाड़ा नगर के गौरव दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन रन पर छिंदवाड़ा मैराथन का आयोजन किया गया है। इस मैराथन का प्रारंभ प्रातः 8:00 बजे पुलिस लाइन से होगा एवं समापन दशहरा मैदान में होगा नगर निगम द्वारा इस मैराथन में अधिक से अधिक नागरिकों को सम्मिलित होने की अपील की है।

### इंस्पायर अवार्ड योजना नामांकन दिव्यांग कैंप की समीक्षा




**जुन्नारदेव।** जनपद शिक्षा केंद्र जुन्नारदेव में इंस्पायर अवार्ड संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नामांकन संबंधी समीक्षा एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के कैंप जानकारी देते हुए बीआरसी अरविंद डेहरिया ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना में 10 हजार प्रोत्साहन राशि चयनित विद्यार्थियों को मिलती है। ज्ञात रहे कि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना का लाभ इस वर्ष भी छात्रों को मिलेगा। योजना के अंतर्गत 6वीं से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका भी प्रदान किया जाता है। शिक्षा विभाग के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना है। चयनित विद्यार्थियों को 10,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।जिससे वे अपने मॉडल को और बेहतर बना सकें। बैठक में बीआरसी अरविंद डेहरिया,शा नंदलाल सूद स्कूल से श्री आजाद सर, अमजद खान एवं समस्त प्राइवेट स्कूलों के संचालक उपस्थित थे।

### पंद्रह किलोमीटर दूर के सचिव को अतिरिक्त प्रभार देने पर भी उठाए सवाल

# पांडूपिपरिया के पंचों ने अपनी ही पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत के जैतपुर सेक्टर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य ऐसे भी कई करवाए गए हैं जिनकी उपयोगिता नहीं है। केवल इसमें फर्जी बाड़ा करने के उद्देश्य से निर्माण किए गए। इसी सेक्टर की ग्राम पंचायत पांडूपिपरिया यहां के पूर्णकालिक सचिव जो अस्वस्थ होने के कारण ईस ग्राम पंचायत का प्रभार ऐसे सचिव को सौंप दिया जो पंचायत सीमा से बहुत दूर की पंचायत मानका देई में पदस्थ है। जबकि इसी पंचायत से लगी ग्राम पंचायत बिजोरी,जैतपुर, लिंगा, साजकुही, तामिया इस पंचायत से सटी हुई पंचायत है। बावजूद यहां से 15 किलोमीटर दूर की ग्राम पंचायत.मानकदेई सचिव को प्रभार दिया जाना अधिकारियों की भ्रष्ट कार्य प्रणाली का नमूना है। इसी पंचायत के ग्राम बासडोगरी में मनरेगा योजना से बनाए गए तालाब जो बरसात के दिनो में भी पानी को मोहताज है क्योंकि बनाये गये ये मनरेगा के तालाब जनहित के बजाय अवैध कमाई के हित में बनाए गए हैं जिनका निर्माण स्थल देखकर कहीं से भी नहीं लगता यह तालाब जन उपयोगी है। फिर भी बनाये गए और मनरेगा योजना का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, वहीं शमशान घाट में रिटर्निंग बाल बनाई गई है। इसमें तो प्रभारी सचिव ने भ्रष्टाचार का नया आयाम स्थापित किया है। प्रभारी सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में फर्जी प्रस्ताव पारित कर निर्माण कर स्वीकृत करवाएं हैं। निर्माण कार्य होने पर पंचौ को पता चला कि हमारी ग्राम पंचायत में कितने काम वर्तमान में हुए हैं और चल रहे हैं। इसी की जांच के संबंध में 16 में से 14 पंचों ने लिखित आवेदन जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच की मांग हेतु दिया है। अब देखना यह है कि पंचो को बगैर विश्वास में लिए करोड़ो के निर्माण कार्य सचिव द्वारा कैसे करा लिए गए। यदि जांच होती है तो प्रभारी सचिव जिन्हें जनपद के अधिकारियों का बरदहस्त प्राप्त है। इसी बलबूते उन्होंने पंचायत का प्रभार हथियाया पंचों द्वारा किए गए आवेदन की यदि जांच होती है तो जैतपुर सेक्टर की यह ग्राम पंचायत भट्टाचार उच्च स्थान पर पायी जाएगी क्योंकि जब पंचायत से प्रस्ताव पारित नहीं हुआ तो एस्टीमेट कैसे बना। तकनीकी स्वीकृति कैसे मिली एवं मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने जियो टैगिंग कैसे किए। सारे जांच के विषय हैं। जब मुख मार्ग की ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत पंचों को करनी पड़े तो समझा जा सकता है कि तामिया जनपद की ग्राम पंचायते पंचायत अधिनियम के विपरीत संचालित हो रही हैं जिस कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री,उप यंत्री, एवं मनरेगा के सहायक कार्यक्रम में अधिकारी जांच होने पर भट्टाचार में शामिल पाए जाएंगे। अब देखना है कि इस ग्राम पंचायत के पंचो द्वारा जो लिखित शिकायत की गई है उसमें किस तरह की जांच जिला पंचायत कार्यालय से होती है। इसकी आस सभी पंचों को है।

### जिले को मिले 29 वाहन, मॉडर्न तकनीकों से लैस होंगे वाहन

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने डायल 112 को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा सरकार नए प्रयोगों को अंजाम दे रही है। इसी कड़ी में डायल 112 की 29 गाड़ियों की सौगात छिंदवाड़ा जिले को भी मिली है। अब इस वाहन की वजह से आपाताकालीन सेवाओं को बेहतर करने का मौका मिलेगा।

अधिकारियों का कहना है कि डायल-112 वाहनों के जरिए जिले में अपराधों पर शीघ्र नियंत्रण, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### मॉडर्न तकनीक से लैस हैं वाहन

इन वाहनों को मॉडर्न तकनीक से लैस किया गया है। इनमें जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। लोकेशन-बेस्ड सिस्टम के जरिए मदद की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इसके अलावा रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स और आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाएगा।

# शहर महिला कांग्रेस ने कांग्रेस नेत्री को जेल भेजने पर जताया विरोध

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, जल्द रिहा करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शहर महिला कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम प्रस्तुत किया। भाजपा के इशारों पर काम करने वाली पुलिस और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए सख्त चेतावनी दी कि जल्द ही कांग्रेस की महिला नेत्री को रिहा नहीं किया गया तो जनसमूह सड़कों पर उतकर आंदोलन करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती दीपा यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया नशे के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस की जिला महामंत्री श्रीमती पूर्णिमा वर्मा को हिरासत में लेना बेहद निंदनीय है साथ ही प्रशासन का नशे को बढ़ावा देने वाला कदम है। प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से शहर महिला कांग्रेस ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है, इस बात को जनता भी समझ रही है कि पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पूरी तरह गलत है।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती दीपा यादव, संतोषी गजभिये, रजिया बानो, साधना जंघेला, साक्षी चौबे, रेणु तिवारी, ज्योति डेहरिया, ममता चौखे, पिंकी चौधरी, सविता कनौजिया, यास्मीन कुरैशी, फोजिया बाजी, सुधा तिवारी, सपना वर्मा, रामकली साहू, संगीता साहू, माया इंगले, शर्मिला परतेती, शोभा वर्मा व सुधा तिवारी सहित अन्य महिला पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहीं।

# जिला जेल में गूंजा ये धर्म है आतम ज्ञानी काजैन युवा फेडरेशन ने मनाया दशलक्षण महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** भादों सुदी ग्यारस के शुभ दिन जिला जेल छिंदवाड़ा का सभागृह मानो स्वाध्याय भवन में परिवर्तित हो गया जहां कैदी भाईयों के बीच मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा दशलक्षण महोत्सव मनाकर अपराधों से मुक्ति का मार्ग बताया गया।उत्तम तप धर्म के दिन आयोजित दो घंटे चले दशलक्षण महोत्सव आध्यात्मिक सत्संग का शुभारंभ पंडित ऋषभ शास्त्री ने महामंत्र श्री णमोकार का मंगलाचरण सहित मंगलगान कर किया पश्चात पंडित अश्विन भाई शाह मुंबई, पंडित समकित शास्त्री सिलवानी एवं पंडित आर्जव गोधा जयपुर के ओजस्वी एवं हृदय स्पर्शी वक्तव्य ने कैदी भाईयों को ज्ञायक भगवान आत्मा की बात बताई ओर अपराध न करने का संदेश देकर भविष्य में अच्छा नागरिक बनकर परिवार, समाज एवं मां भारती की सेवा करने अनुनय किया।कार्यक्रम का सफल संचालन फेडरेशन सचिव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जेल अधीक्षक प्रतीक जैन ने कर सफल आयोजन के लिए मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन का आभार माना।

# शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में जन भागीदारी समिति की बैठक का आयोजन बुधवार 3 सितंबर को किया गया। बैठक के दौरान जन भागीदारी अध्यक्ष अंकित सोनी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर सहित जन भागीदारी सदस्य एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक में महाविद्यालय के विकास से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही महाविद्यालय में जन भागीदारी से सेवा देने वाले कर्मचारी को जिला अध्यक्ष दर पर वेतन भुगतान करने संबंधी निर्णय लिया गया। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की जन भागीदारी समिति द्वारा पूर्व में जनभागीदारी मध्य से कार्यरत चार कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का दर्जा प्रदान किया गया था अब वर्तमान में शेष पांच कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किए जाने के बाद जन भागीदारी कर्मचारियों ने उनका पुष्पमाला से एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जन भागीदारी अध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि मेरी प्राथमिकता महाविद्यालय विकास की है साथ ही कर्मचारियों को भी उनके सभी लाभों को प्रदान करना भी मेरी प्राथमिकता में है। दैनिक वेतन भोगी के रूप में राधेश्याम बन्देवार, रामचरण सूर्यवंशी विनोद धुर्वे रवि शंकर इवनाती एवं नितिन बिन्नतकर को लाभ दिया गया है।बैठक के दौरान जिन भागीदारी सदस्य अशोक जुनेजा, राहुल निरापुरे, शरद कुशवाहा, अनिल पाटिल, अभिजीत राजपूत, संजू वाईकर सहित महाविद्यालय स्टाफ से जन भागीदारी प्रभारी प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, मुख्य लिपिक मक्खन खमरिया उपस्थित थे।

## कृषि विभाग ने खाद की अवैध गोदाम की सील



**पांढुर्णा।** आज कृषि विभाग पांढुर्णा के अधिकारियों ने ग्राम रजाडीखापा में पाई गई संदिग्ध खाद की गोदाम को सील कर दिया। विभाग ने गोदाम एवं खाद के अभिलेख एवं दस्तावेज पेश करने के लिए दुकानदार को 24 घंटे का वक्त देते हुए तदाशय का नोटिस जारी किया है। इस अवसर पर कृषि विभाग एसडीओ सुनील गजभिए, अर्चना डोंगरे, विनोद लोखंडे तथा अर्चना भलावी मौजूद थे। आज उर्वरक विक्रेता दशरथ नागवंशी की इंडो गुजरात फर्टीलाइजर बाबत जांच के दौरान उनके पास जैविक उर्वरक विक्रय का लाईसेंस पाया गया। लेकिन विक्रेता ने स्कंध पंजी तथा बिल बुक प्रस्तुत नहीं किए। इसके अलावा दुकान के नाम का बोर्ड तथा मूल्य सूची का दर्शनीय रूप से प्रदर्शन होना जरूरी है। लेकिए यह दोनों चीजे उपलब्ध नहीं मिली। इन कारणों से अधिकारियों ने आज दोपहर में उक्त गोदाम को सील कर दिया।

# छिंदवाड़ा गौरव दिवस के तीसरे दिन हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



गौरव दिवस के तीसरे दिन नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा आज सिवनी प्राण मोती वार्ड क्रमांक 16 में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर 250 विभिन्न पौधों का रोपण किया गया जिसमें आम, करंज एवं जामुन के पौधे शामिल है।सांसद विवेक बंटी साहू जी ने अपने संबोधन में कहा कि ₹पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम आज वृक्ष लगाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण मिलेगा।₹ उन्होंने नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना की और कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को ऐसे जनहितैषी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

# उमरानाला पुलिस ने पकड़ा 33 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब

**छिंदवाड़ा।** उमरानाला पुलिस ने 33 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सौंसर तरफ से एक पिकअप वाहन क्र.**MH**-49-**BZ**-2578 जिसमें नीले रंग का तिरपाल ढका हूआ है। पीछे सब्जी के खाली कैरेज भरे हैं और अवैध शराब भरी है। सूचना की तस्दीक हेतु स्टाफ के सांथ घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोककर तलाशी ली गयी। वाहन चालक अक्षय पिता महेशराव कुम्बलकर उम्र 24 वर्ष निवासी सूरजनगर कचरा डंपिंग रोड थाना वाथोड़ा जिला नागपुर और परिचालक हुकुम सिंह पिता स्व. देवाराम नागवंशी उम्र 22 साल निवासी रानीतलई चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनंदगांव छ.ग. हाल बीडगांव ताजनगर थाना वाथोड़ा जिला नागपुर के कब्जे में 33 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब कुल 297 लीटर शराब पिकअप के पीछे डाला में मिली। मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष उक्त अवैध शराब एवं वाहन क्र. **MH**-49-**BZ**-2578 को जप्त कर अपराध क्र.00/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। **जप्त सामग्री**-33 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 297 लीटर शराब कीमती 3,37,200/-रूपये 02- वाहन क्र. **MH**-49-**BZ**-2578 कीमती 8 लाख रूपये कुल कीमती 1137200/- रूपये **नाम आरोपी** -अक्षय पिता महेशराव कुम्बलकर उम्र 24 वर्ष निवासी सूरजनगर कचरा डंपिंग रोड थाना वाथोड़ा जिला नागपुर, हुकुम सिंह पिता स्व. देवाराम नागवंशी उम्र 22 साल निवासी रानीतलई चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनंदगांव, सचिन पुन्नजवार निवासी वाथोडा नागपुर।





# गणेश उत्सव पर खिरकापुरा चौक को मिली हाई मास्क लाइट की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



गणेश उत्सव के पावन अवसर पर खिरकापुरा पूरा चौक क्षेत्रवासियों को एक बड़ी सौगात प्राप्त हुई। सांसद बंटी विवेक साहू एवं नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके द्वारा हाई मास्क लाइट की सौगात दी गई। हाई मास्क लाइट की स्थापना से न केवल चौक का संपूर्ण क्षेत्र जगमगाएगा, बल्कि यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था में भी व्यापक सुधार होगा। यह पहल क्षेत्र की सुंदरता को और बढ़ाएगी तथा नागरिकों को रात्रिकालीन समय में सुविधाजनक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगी।इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने सांसद श्री बंटी विवेक साहू एवं महापौर श्री विक्रम आहेके का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। क्षेत्रवासियों ने हाईमास्क का पूजन किया एवं उसपर भगवा ध्वज फहराया। इस मौके पर अरविंद राजपूत, अशोक साहू, रविन्द्र सेठिया, दौलत कडु, अजय कुशवाह, दौलत यादव, महताब बजोले, विनोद राजपूत, चंदन साहू, ब्रह्मा साहू, राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, गणमान्यजन एवं गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां गांव-गांव में समूचे विश्व के कल्याण की कामना होती है: दादा गुरु

### गणेश मठ बिछुआ में आयोजित हुआ संत प्रवचन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ





नगर के गणेश मंदिर में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के अवधूत सिद्ध महायोगी संत श्री दादा गुरु भगवान के प्रवचन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत दादा गुरु भगवान का ब्लाक के खमरा, उल्हावाड़ी समेत बिछुआ नगर में जगह-जगह भव्यता के साथ स्वागत किया गया। गणेश मठ में श्री मंगलमूर्ति के दर्शन व पूजा- अर्चना के उपरांत नगर के माता मां में संत प्रवचन का आयोजन हुआ। जिसमें नर्मदा उपासक निराहारी संत श्री दादा गुरु भगवान के अलावा धर्म समाज अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभेस शर्मन, एके शर्मा, तुरियानंद महाराज, भाऊ महाराज, बाकी ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रभाकर ढाहके पाटिल, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, जिपं सीईओ अग्रिम कुमार, एसडीएम प्रभात मिश्रा आदि उपस्थित थे। संतों सहित अतिथियों का स्वागत गणेश मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी एवं मंदिर अध्यक्ष संजय चिंचोले के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभेस शर्मन ने कहा की धन्य है मध्यप्रदेश की धरती जहां संत दादा गुरु महाराज का जन्म हुआ, जिन्होंने ने विज्ञान को भी चुनौती देते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन प्रकृति के सरंक्षण और संवर्धन के समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए संत श्री दादा गुरु ने कहा की समूचे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जहां सुबह होते ही गांव-गांव में पूरे विश्व के कल्याण की कामना की जाती है। प्रकृति सरंक्षण पर बल देते हुए किसानों को भूमि में रासायनिक उर्वरक रूपी जहर न मिलने की बात कहीं।

### सांसद बंटी साहू ने किया भूमिपूजन, 38 करोड़ के कार्यों की दी सौगात

# आगामी गर्मी से परासिया को मंधान बांध से रोज मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू ने परासिया नगर पालिका परिसर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में 38 करोड रुपयों का भूमिपूजन कर शहर के नागरिकों को सौगात दी। इसमें 21 करोड रुपयों की लागत से अमृत टू परियोजना भी शामिल है । जिससे मंधान बांध का पानी परासिया पाईप लाईन से लाया जाएगा। इससे परासिया को आगामी गर्मियों के मौसम में रोजाना नल से मंधान बांध का पानी मिल सकेगा।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, परमजीत सिंह विज, ज्योति डेहरिया, मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने सांसद के साथ भूमिपूजन किया।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि परासिया के लोग रात भर टैंकर का इंतजार करते थे। विवाद भी होते थे। उन्होंने कहा कि वे खुद एक गुडी पानी लेने के लिए दो किलोमीटर दूर जाते थे। ढाई साल की मेहनत से सांसद विवेक बंटी साहू के सहयोग से मंधान का पानी परासिया आएगा। इस गर्मी से ही रोजाना मंधान का पानी परासिया को मिल सकेगा। 38 करोड रुपयों के भूमिपूजन को उन्होंने परासिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि जो संकल्प उन्होंने भाजपा की परिषद बनने पर लिया था आज सांसद विवेक बंटी साहू के सहयोग से पूरा हो रहा है।छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री हर घर को पीने का पानी देने चाहते है। अब परासिया के हर घर मे पीने का पानी रोजाना मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन की सडक का सौंदर्यीकरण होगा, नाले के पानी का ट्रीटमेंट होकर पानी उपयोगी बन सकेगा। उन्होंने नगर पालिका से कहा कि पूरे प्रयास कर आगामी गर्मी में मंधान का पानी वितरित कर नागरिकों की परेशानी दूर करें।कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा कोयलांचल की चमक लौटाएंगेसांसद विवेक बंटी साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नौ बार वे सांसद रहे, पत्नी सांसद रही, बेटा भी सांसद रहा। इसका हिसाब वे नहीं देते। लेकिन उनके एक साल की उपलब्धि पूछते है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल 45 साल बनाम एक साल का है। छाती चोडी कर इसका हिसाब देंगे। सांसद ने कहा कि छिंदवाडा की चमक कोयले है। इसकी खोई चमक वे वापस लाकर देंगे। मोआरी भारत ओसी की एनओसी मिली है। आगे भी खदानें खोली जाएगी।



## ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर हो रहे जगह जगह आयोजन

# सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए बच्चों ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर चांदामेटा नगर में मंगलवार शाम दावते इस्लामी सामाजिक संगठन द्वारा जुलूस निकाला गया। जिसमें नगर के मदरसो में पढ़ने वाले विधार्थी एवं नगर के अन्य बच्चों ने हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान इन बच्चों ने सफेद कपड़े पहने हुए हाथों में धार्मिक तख्तियों लेकर सरकार की आमद मरहबा जैसे अन्य इस्लामी नारे लगाते हुए एक पंक्ति में जुलूस में चल रहे थे। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया साथ ही मिष्ठान वितरित किया गया। इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब का जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी पर्व के रूप में मुस्लिम समाज इसे मनाता है जो की 5 सितंबर को मनाई जाएगी। इसके पूर्व अलग-अलग दिनों में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराएं जा रहे हैं।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कुरान ख्वानी नात शरीफ जुलूस नगर व गांव बस्ती को सजाया जा रहा है। क्षेत्र के मदरसो में उर्दू अरबी व सामाजिक पढ़ाई कराने वाला सामाजिक संगठन दावते इस्लामी ने मंगलवार शाम सात बजे नगर पंचायत कार्यालय चांदामेटा के समीप मदरसे से जुलूस का आगाज़ किया। जो कि बाजार रोड़ होते हुए मुख्य मार्ग से मंगली बाजार गया जहां से वापस बस स्टैंड आया वहां से सिंह वाहिनी चौक होते हुए वार्ड क्रमांक 12 स्थित मदरसे पहुंचा। जहां जुलूस का समापन किया गया। जहां हजरत की शान में सलाम पेश करते हुए दुआ मांगी गई। जिसके पश्चात तबर्रुक वितरित किया गया। जुलूस भ्रमण के दौरान आतिशबाजी पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत नगर वासियों द्वारा जगह जगह किया गया। इस दौरान मिठाई बिस्किट सहित प्रसाद का भी वितरण किया गया।हजरत की शान में बच्चों का दीनी प्रोग्राम चांदामेटा वार्ड क्रमांक 14 हुसैन चौक में बुधवार को अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिम कमेटी चांदामेटा द्वारा बच्चों का दीनी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे एवं नगर के बच्चों ने हिस्सा लेते हुए हजरत मोहम्मद साहब की शान में नात शरीफ पेश की एवं उनकी उनकी बताई हुई शिक्षा की बात रखी। कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ जो की दोपहर 3:00 बजे तक चलता रहा। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक बंधुओ द्वारा इन बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

## श्रीगणेश जी की झांकियां....



दमुआ में मित्र व्यापारी मंडल द्वारा विराजित की गई श्रीगणेश की झांकी।



दमुआ के इंदिरा चौक में विराजे न्यू बस स्टॉप के महाराजा की अद्भुत झांकी।



श्री श्री गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 9 एवं 11 स्टेशन रोड में विराजमान श्रीगणेश

# रंगमंच निर्माण में लीपापोती, घटिया रेत और एम सेंड का हो रहा उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत बड़कुही में अधिकारियों की अनदेखी के चलते रंगमंच निर्माण में लीपापोती हो रही है । रंगमंच निर्माण में घटिया रेत और एम सेंड का उपयोग किया जा रहा है । जो कालम बनाये जा रहे हैं उनमें भी एम सेंड का उपयोग हो रहा है । नगर पंचायत बड़कुही में नई परिषद बनने के बाद से ही ढेरों निर्माण कार्य हो रहे हैं , जिसको लेकर नगरवासी भले ही खुश हो लेकिन , निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर डालें तो खुशी जैसी कोई बात नजर नहीं आएगी । यहां वार्ड 6 में नाग मंदिर है । जिसके लिए रंगमंच बनाया जा रहा है । स्थानीय लोग इस बात से खुश हैं , कि रंगमंच बन रहा है , पर निर्माण गुणवत्ता से हो रहा है या नहीं ये देखना जिनकी जिम्मेदारी है , वे कोताही बरत रहे हैं । जिसका पूरा फायदा ठेकेदार उठा रहा है । इस मामले में इंजीनियर मनोज डेहरिया का कहना है , कि वे निर्माण स्थल पर जाकर जांच करेंगे , मटेरियल घटिया पाए जाने पर काम रुकवाया जाएगा ।

# सांदीपनी विद्यालय भवन के लिए 15 अक्टूबर की डेडलाईन

## कलेक्टर ने बैठक में की शैक्षणिक मुद्दों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए अनेक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में कलेक्टर ने पांढुर्ना एवं सौंसर के सांदीपनी विद्यालय के भवन निर्माण तथा शिक्षा संबंधी अनेक मुद्दों पर चर्चा की।

इस बैठक में कलेक्टर महोदय ने सांदीपनी विद्यालय में फर्नीचर, सीसीटीवी तथा बिजली संबंधी कार्यों के अलावा अनेक छोटे मोटे कार्य आगामी 15 अक्तु तक पूर्ण किए जाने की चेतावनी अधिकारियों एवं ठेकेदार को दी। इसके अलावा एजुकेशन पोर्टल 3.0 एवं विमर्ष पोर्टल पर नामांकन की प्रविष्टि, साइकिल वितरण चेचिस प्रविष्टि, यू डाइस अपार आयडी क्रिएशन, दिव्यांग विद्यार्थियों का अपडेशन एवं चिन्हांकन, यू डाइस पोर्टल पर स्टुडेंट प्रोफाईल एवं शिक्षक प्रोफाईल, एमपी टास छात्रवृत्ति, समेकित छात्रवृत्ति एवं प्रोफाईल अपडेशन, जेईई एवं नीट की अतिरिक्त कक्षाएं एवं स्टडी मटेरियल, त्रैमासिक परीक्षा का मूल्यांकन, कक्षावार एवं विषयवार आकलन, 9 वीं के कमजोर छात्रों की अतिरिक्त तैयारी, डीजीगो पोर्टल पर व्यय, इको क्लब रजिस्ट्रेशन, फिट इंडिया रजिस्ट्रेशन, हमारा भारत हमारा स्वाभिमान गतिविधि, सांसद खेल प्रतियोगिता तथा संस्था में लगे सोलन पैनल आदि विषयों पर कलेक्टर महोदय ने समीक्षा की।

# श्रीमद् भागवत कथा के 6वें दिन हुआ कृष्णा और रुक्मणी विवाह का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



पुष्पा शॉपिंग कंपलेक्स एंड अपार्टमेंट हट्टा रोड किरनापुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन में परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन व्यास पं.भरतजी महाराज चित्रकूट धाम द्वारा प्रवचन किए। उन्होंने कहा गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। पंडित भरतजी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा में व्यास पं.भरतजी महाराज ने कहा कि महारास भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण संतोष सिंह बैस के सुपुत्र सनाया व पुत्री रुक्मिणी के वेशभूषा में विवाह सम्पन्न कराया गया।राधा कृष्ण की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा व्यास भरतजी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती । ने वेद मंत्रों सहित विधिवत रूप से पूजा करवाई। इस अवसर पर श्रीमती शालिनी सन्तोष सिंह बैस,ममता राजेश सिंह बैस व संकेत अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विजय बैस दार्मेंद्र सिंह कछवाह इस कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ.जे पी सुनेरी का भी स्वागत किया गया।

## विधायक विवेक पटेल ने नगर के सार्वजनिक पंडाल पहुँच कर भगवान श्री गणेश के किए दर्शन

# गणेशोत्सव के सार्वजनिक पंडाल में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



गणेश उत्सव का उत्साह लगातार चरम पर हैं, शहर से लेकर गांव तक स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडऩे लगी हैं। सार्वजनिक पंडालों और घरों में विराजमान गणपति बप्पा के जयकारों से गलियां गूंज रही हैं। जगह-जगह भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमा स्थापित की गई हैं। कई झांकियां इन दिनों भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। ऐसे में शहर में भगवान गणेश की सार्वजनिक झांकियां को देखने लोग रात में सडक़ों पर निकलने लगे हैं।

आगामी दिनों में जैसे-जैसे दिन गुजरते जाएंगे, वैसे-वैसे भक्तों का आना बढ़ता जाएगा, सार्वजनिक पंडालों में गणेश भक्तों के लिए प्रसाद वितरण और बच्चों के मनोरंजन के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बाजारों में भी रौनक बनी हुई हैं। गणेश उत्सव का यह माहौल दस दिनों तक उत्साह और भक्ति का संचार करता रहेगा, रात में सडक़ों पर की गई आकर्षक लाइटिंग भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। लोग रात के समय घूम कर प्रतिभाओं के दर्शन कर रहे हैं।

**धार्मिक भजनों के साथ बच्चों के लिए किए जा रहे मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ कार्यक्रम:** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक और घरों में बैठे गणपति के सामने भक्तों द्वारा भजनों, सुंदर कांड आदि के आयोजन किए जा रहे हैं। दोपहर से लेकर देर रात तक भक्तों और भजनों के सुर गूंज रहे हैं। वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश उत्सव की धूम देखी जा रही हैं। चौक-चौराहे में सार्वजनिक रूप से गणपति बप्पा की स्थापना की गई हैं। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गणपति उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। सुबह के समय आरती पूजन के बाद दोपहर-शाम को स्थानीय मंडलियॉ भजन आदि की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। गांव में भी प्रतिमाओं की स्थापना आकर्षक पंडाल में की गई हैं, कई स्थानों पर भगवान गणेश के मनमोहक रूप भक्तों को आकर्षित कर रहे हैं।

**विधायक पटेल गणेश पंडालों में जाकर कर रहे पूजा अर्चना:** गणेशोत्सव के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर भगवान श्रीगणेश के दर्शनों का लाभ ले रहे हैं। विधायक विवेक विक्की पटेल भी इन दिनों नगर व क्षेत्र में विराजित गणेश प्रतिमाओं के पंडालों में जाकर उनकी पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस अवसर पर गणेश पंडालों में हो रहे सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों में विधायक श्री पटेल द्वारा भाग लेकर प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न गणेश पंडालों में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी हो रहा हैं। जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठा रहे हैं।

# शहर में दिन-दहाड़े चोरी : सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम पर किया हाथ साफ



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शहर में दिन दहाड़े हो रही चोरियों की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही है. चोर दिन दहाड़े सूने मकानों को अपना निशाना बना रहे है. चोरी की ऐसी ही एक वारदात बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 13 सतारा में घटित हुई है. सतारा निवासी ईश्वरी पटले के सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया. चोरों ने बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से 2 बजे के बीच उस वक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया जब घर पर कोई नहीं था. ईश्वर पटले की धर्मपत्नी रेखा पटले सतारा में ही अपने मां के घर भगवान गणेश की पूजा में शामिल होने के लिए गई हुई थी. दोपहर 02 बजे के बाद जब वह घर लौटी तो सामने के दरवाजे का ताला टूटा था और घर के भीतर सामान पूरी बिखरा पड़ा था. घर में चोरी होने की सूचना रेखा पटले ने अपने पति को दी. काम पर गए पति तत्काल घर लौटकर आए और शाम 04 बजे पुलिस को घर में चोरी होने की सूचना दी गई. चोरी की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुसराम घटनास्थल पर पहुंचे।

रेखा पटले ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 02 जोड़ी कान की बाली, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 02 सोने की नाक की लौंग, एक चांदी की मांग डिब्बी, 02 चांदी के सिक्के, सोने की 4 मणी, चांदी का कमरबंध और करीब 20 हजार रुपए नकदी रकम की चोरी की है. गौरतलब हो कि करीब एक माह पूर्व सतारा से करीब 01 किमी. दूर ग्राम सेलवा में भी दिलीप ठाकरे के घर भी अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. इस चोरी का भी अब तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस चोरी की घटनाओं के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## आदि कर्मयोगी अभियानः ब्लॉक स्तर मास्टर ट्रेनिंग का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# लांजी तहसील में आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु ₹आदि कर्मयोगी₹ नामक नई पहल की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सेवा, समर्पण और संकल्प के माध्यम से सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर लांजी तहसील में आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की गई है। बुधवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लांजी विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करना है, जिससे वे जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ और उनकी समस्याओं को नजदीक से जानने में मदद कर सकें। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत लांजी जनपद के 12 जनजातीय ग्रामों को चयनित किया गया है, जिनमें ग्रामों को मिलने वाली योजनाओं में आवास, सड़क, पेयजल, आधार कार्ड, बिजली, गैस कनेक्शन, कनेक्टिविटी, राशन कार्ड, आंगनवाड़ी सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, सुकन्या समृद्धि , जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्ड आदि शामिल हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ रामगोपाल यादव, वन विभाग के एसडीओ राकेश कुमार अडकणे, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती लता वर्मा, सहित ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव ने कहा कि पहले योजनाएं ऊपर से नीचे की ओर आती थी। इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि लांजी छेत्र में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

## पत्रकार पवन कश्यप ने उठाया मुद्दा, कार्यवाही की मांग

# वन विभाग में सूचना के अधिकार की अवहेलना, एसडीओ ने सूचना के अधिकार फॉर्म को बनाया अपना लेटर पैड





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वन विभाग के उत्पादन वन मंडल अधिकारी हेमेन्द्र सोलंकी द्वारा सूचना के अधिकार की अवहेलना करने के मामले में पत्रकार पवन कश्यप ने मुख्य वनसंरक्षण महोदय वन वृत्त बालाघाट से कार्यवाही करने की मांग की है। पत्रकार पवन कश्यप ने 17 जुलाई 2025 को उपवनमंडल लांजी में सूचना के अधिकार के तहत चार बिन्दुओं पर जानकारी मांगी थी। इनमें कुप कमांक 7 बोरी, कुप क्रमांक 6 दलेरी, बांस कुप सी माता घाट और कुप कमांक 7 घुलघुली एवं बोदादलखा में कराए गए निर्माण कार्य की जानकारी शामिल थी। लेकिन उत्पादन पूर्व विभाग ने 31 जुलाई 2025 को सूचना पत्र दिया जिसमें उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। इसके बाद पवन कश्यप ने प्रथम अपीली अधिकारी को आवेदन दिया, लेकिन एस.डी.ओ. हेमेन्द्र सोलंकी ने सूचना के अधिकार की अवहेलना की। उन्होंने कहा कि एक कागज पर ही तो लिखा है। और यह सूचना का अधिकार मेरे से बड़ा नहीं है। जबकि सूचना का अधिकार एक आम आदमी का मौलिक अधिकार होता है। पत्रकार पवन कश्यप ने बताया कि एस.डी.ओ. हेमेन्द्र सोलंकी के इस रवैये से उन्हें बहुत दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर कार्यवाही नहीं की जाती है, तो वे समय सीमा के पश्चात वन विभाग कार्यालय लांजी के बाहर धरना प्रदर्शन कर आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने मुख्य वनसंरक्षण महोदय वन वृत्त बालाघाट से कार्यवाही करने की मांग की है।

## जलझूलनी एकादशी पर भगवान को कराया गया जलविहार

**कटंगी।** बुधवार को नगर में जलझूलनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. शाम 4 बजे नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर और सिवनी रोड़ स्थित श्री राधा गोंविद कृष्ण मंदिर से डोल उठाए गए और नगर के प्रमुख मार्गों से होते वारासिवनी रोड़ स्थित चंदन नदी में भगवान को जल विहार करवाया गया. शहर में जगह-जगह डोल पर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया और श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की. डोल ग्यारस पर निकली शोभायात्रा में भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान गणेश, माता सरस्वती की जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही. श्रद्धालुओं ने डोले में विराजे भगवान की पूजा अर्चना कर आरती उतारी. पौराणिक कथाओं के अनुसार माना जाता है कि जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, तब उनकी मां यशोदा ने उन्हें एक पालने में झुलाया था. इसी कारण इस एकादशी को जलझूलनी एकादशी या डोल ग्यारस के नाम से जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### श्री तारण तरण समाज का गठ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज स्थित श्री तारण तरण दिग बर जैन मंदिर में समाज की बैठक का आयोजन किया गया। निवर्तमान कोषाध्यक्ष सेठ सुनील जैन ने बताया कि बैठक में समाज की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष सुजीत जैन, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन, सचिव पीयूष जैन, कोषाध्यक्ष सवाई सेठ शैलेष जैन को चुना गया। संरक्षक पं. सतीश जैन, संतोष जैन, सुभाष जैन, सेठ अशोक जैन,महेश जैन रहेंगे।

### जिले में 1115.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 03 सितम्बर 25 तक 1115.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 03 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 969.0 मि.मी, कुरई में 783.7 मि.मी., बरघाट में 1022.8 मि.मी., केवलारी में 1303.0 मि.मी., छपारा 1038.5 मि.मी, लखनादौन में 1070.8 मिमी, धनौरा में 1097.4 मिमी एवं घंसौर में 1637.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 8922.2 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।



# भीमगढ़ बाँध के खोले गए चार गेट

## छोड़ा जा रहा 21 हजार 500 घन फीट प्रति सेकेंड पानी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संजय सरोवर परियोजना अंतर्गत भीमगढ़ बाँध का जलस्तर 518.90 मीटर तक पहुँचने पर अतिरिक्त जल छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, तिलवारा बाँयी तट नहर संभाग केवलारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 03 सितम्बर 2025 को सुबह 9 बजे से बाँध के गेट क्रमांक 4, 5, 6 एवं 7 को 1-1 मीटर तक खोला खोला गया है। चारों गेट से 21,000 घनफीट प्रति सेकेंड (595 क्यूमेक्स) तथा पॉवर हाउस से 500 घन फीट प्रति सेकेंड की दर से पानी बैनगंगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने बैनगंगा नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

### पेंच बांध के गेट खोले जाने की संभावना, नदी किनारे सतर्क रहें

कार्यपालन यंत्री एस के सिरसाम पेंच व्यपवर्तन संभाग क्रमांक-1 द्वारा बताया गया है कि पेंच व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत निर्मित पेंच बांध (माचागोरा बांध) के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार वर्षा होने से बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बांध का जलस्तर नियंत्रित बनाए रखने हेतु वर्षा के दौरान समय-समय पर गेट खोले एवं बंद किए जाएंगे। इससे पेंच नदी सहित अन्य नदियों में जल प्रवाह अचानक बढ़ सकता है।

अतः आमजन से अपील है कि वर्षा ऋतु समाप्त होने तक नदियों, नालों और तटों से दूर रहें तथा मवेशी व मोटर पंप सुरक्षित स्थानों पर रखें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग कर सतर्कता बरतने की अपील की है।

# नगर सहित आसपास के क्षेत्र में गणपति बप्पा मोरिया के गूँज

### जगह-जगह विराजी गणेष जी की आकर्शित प्रतिमाएँ

केवलारी। (हरिभूमि, राकेष आत्मपूज्य)

इन दिनों नगर सहित आसपास के क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, नगर के अलावा खासकर गांवों में भी यह उत्साह देखा जा रहा है।

जगह जगह विराजी भगवान गणेष की अद्भुत प्रतिमाएँ मन को मोह रहीं हैं। षाम होते ही सारा माहौल भक्तिमय हो जाता है। गणपति बप्पा की आरती के बाद लोग भजन कीर्तन कर अपने मन को आनंदित कर रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है और वातावरण गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान है।

गणेशोत्सव के दौरान नगर और गांवों के सार्वजनिक पंडालों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, पंडालों को फूलों, पत्तियों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सवपूर्ण हो गया है।

नगर के अलावा गाँवों में भी भजन, कीर्तन, नाटक और लोककला से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, गणेशोत्सव के दौरान ढोल-ताशों की धुन पर लोग भक्ति और आनंद में डूब रहे हैं।



# शरद दुबे राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी एवं राष्ट्रीय सयोजक नलिनकांत वाजपेयी की अनुमति, मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक एवं प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया की सहमति एवं सिवनी जिले से प्रदेश संभागीय तथा जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा उपरांत सहमति अनुसंसा पर जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने सिवनी के वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि समाचार पत्र के जिला कार्यालय प्रमुख शरद दुबे को सिवनी जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया। वरिष्ठ पत्रकार शरद दुबे को तत्काल प्रभाव से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। शरद दुबे शीघ्र ही जिला महासचिव एवं जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं तहसील अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति सभी पदाधिकारियों की सहमति से करेंगे। राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनीश तिवारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगाचरण मिश्रा, रीवा संभागीय अध्यक्ष एवं अनुशासन समिति के प्रदेश प्रमुख के एस शर्मा बबला भैया,प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक,प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया,प्रवक्ता उमेश शुक्ला, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य हेमराज कनोजिया, जबलपुर जिलाध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, प्रदेश सचिव संतराम केवरे सहित सभी संभागीय प्रदेश के पदाधिकारीयों ने शरद दुबे को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा जाताई कि उनके नेतृत्व में सिवनी के साथ साथ जबलपुर संभाग में संगठन हित में अनेक सफल कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत चलाएंगे।

# पुत्र तैरकर बचा, पिता की मौत, ग्रामीणों में दहशत

**कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले बादलपार चौकी क्षेत्र के ग्राम बादलपार स्थित नेवरी नदी में मंगलवार रात करीब 9 बजे बड़ा हादसा हो गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बाइक सवार पिता–पुत्र नदी पार कर रहे थे तभी तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और ग्रामीणों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पानी का बहाव तेज होने से रात में तलाश नहीं हो सकी। बुधवार सुबह पुनः सर्च ऑपरेशन चलाकर पुल से कुछ दूरी पर पिता का शव बरामद कर लिया गया। ग्राम परासपानी निवासी फूलसिंह वट्टी (50 वर्ष) अपने पुत्र के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। अंधेरे में बहाव का अंदाज़ा न लग पाने से हादसा हो गया। पुत्र तैरकर बाहर निकल आया, जबकि पिता बह गए और उनकी मौत हो गई। बाइक नदी किनारे ही मिल गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु कुरई भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसाती नदियों और नालों पर सुरक्षित पुल या बैरियर की व्यवस्था न होने से हर साल हादसे होते हैं। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इधर, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज बारिश की चेतावनी दी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि उफनती नदियों और नालों को पार करने से बचें।

# मुख्यमंत्री ने जिलेवार खाद-बीज उपलब्धता एवं अतिवृष्टि की तैयारियों की समीक्षा की

**सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके लिए सभी उर्वरक वितरण केंद्रों पर सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए टोकन व्यवस्था लागू की जाए, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी दिनों में संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों को पूर्व तैयारियां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से हुई फसल नुकसानी, जनहानि अथवा पशुहानि के घटनाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत राशि का वितरण किया जाए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कराकर राहत कार्य प्रारंभ किए जाएँ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगामी दिवसों में फसल कटाई उपरान्त नरवाई जलाने की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अभी से किसानों को समझाइश दी जाए। किसानों को सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता बनी रहे और खेतों में अगली फसल की तैयारी आसानी से हो सके।



### रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति का हुआ गठन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की उपस्थिति में 2 सितंबर 2025 को रेडक्रास सोसायटी सिवनी की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में उपस्थित सदस्यों के मध्य निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पर चर्चा कर नामों के प्रस्ताव एवं समर्थन लेकर जिला प्रबंध समिति का गठन किया गया। बैठक में 18 सदस्यों को जिला प्रबंध समिति के लिए चुना गया, जिनमें डॉ. संदीप उपाध्याय, डॉ. श्याम सिंह कुमरे, पुनीत कपूर, प्रेम तिवारी, गजेंद्र डहरवाल, डॉ. बसंत राय, एडवोकेट आनंद साहू, डॉ. प्रतीश अवस्थी, अरुण राय, श्रीमती संगीता उपाध्याय, आशीष माना ठाकुर, डॉ. अभिषेक शुक्ला, विक्रांत दुबे, अनुप मिश्रा, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, अरुण राठौर,नीलेश जैन एवं बी.के. वर्मा शामिल हैं।

प्रबंध समिति द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें डॉ. संदीप उपाध्याय को चेयरमेन, विक्रांत दुबे एवं अनूप मिश्रा को वाइस चेयरमेन, डॉ. प्रतीक अवस्थी को कोषाध्यक्ष, अरुण राय को सचिव, डॉ. श्याम सिंह कुमरे को जिला प्रतिनिधि (राज्य शाखा प्रबंध समिति) एवं प्रेम तिवारी को जिला प्रतिनिधि (राज्य शाखा वार्षिक सामान्य सभा) चुना गया।

बैठक का संचालन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की उपस्थिति में हुआ और निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आभार व्यक्त कर आमसभा का समापन किया गया।

# जांच परिणाम में उर्वरक के अमानक पाए जाने पर भण्डारित उर्वरकों का विक्रय प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के मार्गदर्शन में जिलें में कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में जिले में उर्वरक निरीक्षकों द्वारा उर्वरक विक्रेता संस्थानों से लगातार उर्वरक नमूने लिये जा रहे है। इसी तारतम्य में निरीक्षकों द्वारा लिये गये 3 उर्वरक नमूनों के परीक्षण परिणाम अमानक स्तर का पाये पर अमानक उर्वरक के लाट को विक्रय प्रतिबंधित कर संबंधित संस्था आशीष कृषि केन्द्र मोहगांव का बेन्टोनाईट सल्फर उर्वरक, म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बरघाट का सिंगल सुपर फास्फेट एवं म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित लखनादौन का डी.ए.पी. उर्वरक को तत्काल प्रभाव से विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही उक्त विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया है साथ ही भण्डारित उर्वरक कितने कृषको को वितरण किया गया की जानकारी भी संबंधित संस्थाओं से चाही गई है। संबंधित संस्थाओं से संतोषपद्र जवाब न प्राप्त होने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता अभियान प्रारंभ

**सिवनी** । प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास सुश्री ईशा बाल्मिक द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 02 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक महिला केंद्रित विषयों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, शिविर, संवाद एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बतया कि अभियान के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 03 सितंबर को नर्सिंग कॉलेज जिला अस्पताल सिवनी में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ.मनीषा सिरसाम एवं सहयोगी श्री संदीप सोनकेसरिया ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी साझा की। डॉ. सिरसाम द्वारा बताया गया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना एवं देश में घटते लिंगानुपात को सुधारना है। अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों को दण्ड, कारावास एवं जुर्माना भी लगाया जा सकता है। श्री संदीप सोनकेसरिया द्वारा सोनोग्राफी तकनीक के संबंध में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय वन स्टॉप सेंटर सिवनी से सेंट्रल एडनिस्ट्रेटर श्रीमती नारायणी सक्सेना, केसवर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना, श्रीमती वर्षा बैस एवं सुरक्षाकर्मी दीपक रजक उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें -निक्की



**बंडोल।** मिडिल स्कूल साइकिल वितरण कार्यक्रम हुए सम्पन्न लगभग 30 साइकिल हुई वितरण मध्य प्रदेश की स्वर्णिम योजनाओं का लाभ ले रहे विद्यार्थी उच्च शिक्षा को मिलेगा लाभ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य रूप से युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जिला साहू समाज जिला अध्यक्ष नितिन निक्की साहू हाई स्कूल प्रचार सुषमा सोनी अनिल राय उत्तमा शर्मा कोर मेडम युवा मोर्चा महामंत्री तनय बघेल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मंतोष जांघेला बंडोल सरपंच कृष्ण कुमार उईके स्कूल पालक समस्त शिक्षक स्टाफ प्यारे बच्चों के बीच यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। नितिन साहू ने बच्चो और पालकों को बताया यातायात नियमों का पालन करें बहन का इस्तेमाल आराम से करें अपने बालक को हेलमेट लगाकर घर से निकलने दे अन्यथा किसी भी उत्सव पर उन्हें हेलमेट गिफ्ट करें सुरक्षित रहें स्वस्थ रहें।

# विधायक दिनेश राय के करकमलों से किया गया नवीन हाईस्कूल भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

02/09/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से शासकीय हाई स्कूल नवीन भवन निर्माण कार्य कार्य का भूमिपूजन किया गया। आज दोपहर 02:00 बजे से सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम झील पिपरिया शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके पूर्व ग्राम आगमन पर ग्रामीणों द्वारा कलश लेकर ढोल-बाजे के साथ विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी की भव्य आगवानी कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने संबोधन मे ग्राम मे नवीन शाला भवन निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र से हर व्यक्ति को जोड़ने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी की सरकार पूरी तत्परता के साथ अपने प्रयासों में जुटी हुई है। जिससे हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ा जाए तथा हर क्षेत्र को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर समाज को एक नया आयाम प्रदान किया जाए। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने आगे कहा कि नवीन शाला भवन मे छात्र-छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद की सुविधा भी मिलेंगी। इसके साथ ही आपने गुणवत्तापूर्ण एवं निश्चित समयावधि में शाला भवन निर्माण कार्य करने की बात कही। छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीण जनों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रातः छिन्दवाड़ा चौक स्थित गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश जी के दर्शन व पूजन अर्चन कर सभी के लिए मंगलकामनाये किया। इसके उपरांत बारापत्थर स्थित अपने कार्यालय मे प्रातः 11:00 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## कार्यकारी अध्यक्ष बने ज्ञानचंद सनोडिया हिटलरशाही रवैया अपना रहे

# नगर विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया जा रहा, नगर विकास रूक गया-शफीक

सिवनी। नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष शफीक खान द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, उन्होंने बताया कि नगरपालिका परिषद सिवनी के विशेष सम्मिलन की बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए 11 बिन्दुओं पर कोई चर्चा न करते हुए यह कहकर बैठक खत्म कर दिया गया, कि हमारे पास बहुमत है सभी विषय पास कर लिए गए, कांग्रेस पार्षदों के अनेक निवेदन के बाद भी लोकतंत्र का गलाघोटते हुए वह बैठक से उठकर चले गए। बैठक प्रारंभ होते ही ज्ञानचंद सनोडिया ने अन्य विषयों पर नगर की समस्याओं को लेकर चर्चा नहीं होने दी, सीधे प्रस्ताव क्रं. 01 पर चर्चा शुरू कर दी, पार्षदो की यह आपत्ति थी कि यह प्रस्ताव गीता भवन का निर्माण लागत लगभग 15 करोड़ रूपय जो कि 01/09/2025 की बैठक में रानीदुर्गावती वार्ड पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम सहित श्रीमती अनुसुईया पटवा, श्रीमती रामकुमारी बरमैया, संजय भलावी एवं कांग्रेस के समस्त पार्षदों की सहमति से पूर्व की भाँति रानीदुर्गावती वार्ड में गीता भवन निर्माण के लिए सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया है तो आप इसे दोबारा क्यों ला रहें है, इस पर भाजपा पार्षद राजू यादव, संजय भलावी, श्रीमती गोविंदी सैयाम द्वारा विरोध किया गया, चलती बैठक में ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा तीनों को अपने कक्ष में ले जाकर 10 मिनट तक चर्चा की, कक्ष से बाहर आकर भाजपा के सभी पार्षद ज्ञानचंद सनोडिया की मंशानुरूप गीता भवन सी.व्ही.रमन वार्ड अपना पार्क में बनाने के लिए सहमत हो गए, कांग्रेस पार्षदों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया गया, सी.व्ही.रमन वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिकों ने कल की बैठक में मुख्यनगरपालिका अधिकारी और कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया को आवेदन दिया कि इस पार्क में गीता भवन का निर्माण ना किया जाए बल्कि पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाए।

कार्यकारी अध्यक्ष ने हटधर्मिता दिखाते हुए प्रस्ताव क्रं. 02 पढ़ना प्रारंभ कर दिया, नगरपालिका कार्यालय भवन निर्माण दिनांक 14/10/2022 को प्रस्ताव क्रं. 11 में पुराना राजस्व कार्यालय गुरूनानक वार्ड में बनाए जाने के लिए स्वीकृत किया जा चुका था, इसके बाद दिनांक 12/05/2023 प्रस्ताव क्रं. 04 गुरूनानक वार्ड में कार्यालय भवन प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में लागत राशि-496.88 लाख रूपय स्वीकृति दी गई जिसमें 50 लाख रू. की राशि नगरपालिका को प्राप्त हो गई। दिनांक 23/03/2025 की बैठक में मुख्यमंत्री शहरीअधोसंरचना विकास योजना(चतुर्थ चरण) अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र में विकास कार्य कराये जाने के लिए 6 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई जिसमें 20 प्रतिशत राज्य सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने की बात की गई, यदि कोई पूर्व में पारित प्रस्ताव को रद्ध या संशोधन करना हो तो धारा 65 के अन्तर्गत दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव से गिराना पड़ता है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा नगरपालिका अधिनियम का पालन नहीं किया गया। इस कार्यालय भवन को परिषद द्वारा कार्यालय भवन गुरूनानक वार्ड में निर्माण किये जाने की स्वीकृति मिलने के बाद भी ज्ञानचंद सनोडिया इसे फिल्टर प्लॉट में बनाना चाहते है जहॉ पहले से ही मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाना स्वीकृत है। पार्षद राजिक अकील ने बताया कि गुरूनानक वार्ड में स्थित महिला वसीति ग्रह एवं पुराना राजस्व कार्यालय में यदि कार्यालय भवन नही बना तो यह जगह अन्य शासकीय कीमती जगहों तरह कौडियों के भाव में बेच दी जायेगी। नियम से नगरपालिका कार्यालय भवन नगर के मध्य में ही स्थित होना चाहिये। इसके बाद 11 बिन्दुओं पर चर्चा होनी थी, ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा मनमानी करते हुए किसी भी बिन्दु पर चर्चा नही की और यह कहकर बैठक खत्म कर दी की हमारे पास बहुमत है सारे विषय पास कर दिये गये है। प्रत्येक बिन्दुओं पर चर्चा करना अनिवार्य होता है कांग्रेस पार्षद दल द्वारा तुरंत मुख्यनगरपालिका अधिकारी को पत्र देकर बैठक को शून्यघोषित करने के लिए आवेदन दिया गया उसके बाद जिला कलेक्टर को भी यही आवेदन दिया गया। पिछले चार महिने से कार्यकारी अध्यक्ष बने ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगर विकास के लिए कोई कार्य नही किया जा रहा है नगरविकास रूक गया है नगरपालिका के कार्यो को लेकर प्रत्येक नागरिक जन्म-मृत्यु अप्राप्ता प्रमाण पत्र, खाद पर्ची, पेंशन, नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर, समग्र आईडी, सम्पत्ति आईडी को लेकर नगरपालिका के चक्कर काट रहें है। उसके बाद भी कार्यकारी अध्यक्ष हिटलरशाही रवैया अपना रहें है।

# सेवा निवृत्त हुए 84 कर्मचारियों को किया गया पी.पी.ओ. वितरण



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हुए 84 शासकीय सेवकों को पेंशन पेमेन्ट आर्डर (पी.पी.ओ.) का वितरण किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते हुए सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बालाघाट डीएफओ की शिकायत पर वन विभाग ने बैठाई जांच

# विधायक मुंजारे पर 3 लाख रुपए मांगने का आरोप








हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में वन विभाग की डीएफओ (डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर) नेहा श्रीवास्तव ने कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। डीएफओ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (PCCF) को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि विधायक ने उनसे 2 से 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी और धमकाया।

शिकायती पत्र में डीएफओ ने कांग्रेस विधायक पर सरकारी काम में बाधा डालने और जबरदस्ती करने का भी आरोप लगाया। इस मामले में वन विभाग ने जांच के आदेश दे दिए हैं। विधायक ने आरोपों को खारिज करते हुए डीएफओ पर मानहानि का दावा करने की बात कही है।

डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के अनुसार, 16 अगस्त को उन्हें वन विश्राम गृह में विधायक से मिलने के लिए बुलाया गया था। डीएफओ ने आरोप लगाया कि विधायक ने इस दौरान उनसे 2-3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की। मना करने पर उनके और उनके परिवार के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उन्हें जिले से हटवाने की धमकी भी दी।

डीएफओ ने बताया कि यह घटना वन विश्राम गृह के बरामदे में हुई, जहां अन्य विभागीय कर्मचारी भी मौजूद थे। उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि विधायक ने बालाघाट के सभी आईएफएस अधिकारियों के लिए अपमानजनक टिप्पणी की है।

दूसरी ओर विधायक अनुभा मुंजारे ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने डीएफओ के आरोपों को हलकी मानसिकता का बताते हुए मानहानि का दावा करने की बात कही है। विधायक का कहना है कि डीएफओ यह सब अपने पति अधर गुप्ता को बचाने के लिए कर रही हैं, जो दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट में पदस्थ हैं।

विधायक ने आरोप लगाया कि लालबर्रा के सोनेवानी में एक मादा बाघ की मौत के मामले में डीएफओ के पति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी। उनका कहना है कि यह पूरा मामला बाघ की मौत के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश है। विधायक ने यह भी कहा कि अगर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो वह आमरण अनशन करेंगी।

इस विवाद के बाद मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग ने घटना की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस टीम में कमलिका मोहन्ता (अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, 1997 बैच) और अंजना सुचिता तिर्की (वन संरक्षक, 2010 बैच) को शामिल किया गया है। टीम को दो सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की 114वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

# उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा जेएसके बैंक बालाघाट: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की 114 वीं वार्षिक साधारण सभा 2024-25 का आयोजन 03 सितम्बर को बैंक मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मृणाल मीना कलेक्टर व बैंक प्रशासक, आकाश अग्रवाल सहायक कलेक्टर, राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता, पी. जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमुख रूप से मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने वार्षिक साधारण सभा में प्रशासकीय उद्बोधन देते हुए कहा कि जेएसके बैंक लगातार उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। जिले के 99.76 प्रतिशत कृषक परिवार सहकारिता से जुड़े है, आलोच्य वर्ष में बैंक की अंशपूंजी रू. 3273.37 लाख, रक्षितकोष एवं अन्य निधियाँ रू. 9180.94 लाख, अमानते रू. 100616.87 लाख, कार्यशील पूंजी 129821.06 लाख, रू. 63232.87 लाख का विनियोजन, वसूली 82.62 प्रतिशत रही। जिले की 126 समितियाँ कम्प्यूटरीकृत की गई है जिससे समितियों के कार्यों में पारदर्शिता एवं त्वरित सेवाएँ कृषको को उपलब्ध होगी।

**नवाचार में बेहतर कार्य:** वार्षिक साधारण सभा को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि सहकारिता में नवाचार अंतर्गत जिले की 126 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के अंतर्गत पंजीयन कराया गया है, जिससे समिति के कार्यक्षेत्र के कृषको को समिति स्तर पर ही अनेक सुविधाये प्राप्त हो रही है, प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र, वृहद अनाज भंण्डारण योजना अंतर्गत प्रदेश में एकमात्र गोदाम समिति परसवाड़ा में बनाया गया है। समितियों में बहउद्देशीय व्यवसाय हेतु इफको आउटलेट के लिए 3 समितियों का चयन किया गया है। समिति बुदबुदा में धर्मकांटा का व्यवसाय से लाभ अर्जित हुआ है और समिति लालबर्रा में फोटोकाफी, प्रिंटआउट की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसके चलते बैंक से संबंध समितियों में नवाचार को लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानो की आय को दुगुना करने हेतु शासन के द्वारा अनेक किसान हितैषी योजनाओं को सफलता पूर्वक लागू किया गया है। बैंक द्वारा रू. 52353.31 लाख का अल्पकालीन ऋण वितरण किया गया है तथा समितियों के माध्यम से 58079 मीट्रीक टन रासायनिक खा का वितरण किसानों को हुआ है एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 में 42920 किसानों को फसल बीमा किया है। कलेक्टर श्री मीना ने उपस्थित समिति प्रशासको अन्य भागीदार समितियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि बैंक के कालातीत ऋणों की वसूली में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से बैंक शाखा एवं समितियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों में माईक्रो एटीएम, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, बैंक द्वारा ग्राहको को दी जा रही सुविधाएँ, बैंक की आगामी कार्यवाही, बैंक का लाभ, प्रदत्त अंशपूंजी, विनियोजन, अमानते, ऋणार्जन, कार्यशील पूंजी, वसूली, अमानत वृद्धि, खरीफ ऋण वितरण, ईआरपी की स्थिति, मध्यमकालीन ऋण, पशु पालन केसीसी, मत्स्य पालन केसीसी का प्रदर्शन ग्राफ के माध्यम से किया गया है। जिसके चलते कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मीना द्वारा कहा कि निश्चित तौर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट की स्थिति प्रदेश में बेहतर बैंको में है।

# विधायक मुंजारे ने ग्रामीणों से भेंट कर विभिन्न विषयों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरई में 2 सितंबर को विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बेहरई का आगमन हुआ। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मिलकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात सर्वप्रथम विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बाबा साहेब अंबेडकर जी प्रतिमा पूजा अर्चना कर गांव का भ्रमण करते हुए। शिव मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित गार्डन में वृक्षारोपण किया। जिसमें कदम, आंवला, पीपल आदि पौधे लगाए गए। इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय कदम बताया।इसके बाद उन्होंने ग्राम बेहरई में विराजमान सभी गणेश भगवान के दर्शन किए।

इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक जी से ग्राम बेहरई में 2 गौठान , बिरसा मुंडा प्रतिमा, मोक्षधाम रोड़,धारसाई टोला में एक सीमेंट सड़क के अलावा प्रवेश द्वार एवं यात्री प्रतीक्षालय की मांग की है। उन्होंने गांव की आवश्यकता एवं गतिविधियां पर साझा करते हुए। मांगे पूरी करने का वादा करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया। विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी का यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और ऊर्जा का संचार करने वाला रहा। इस अवसर पर दमनसिंह राहंगडाले खमरिया मंडल अध्यक्ष, बालकृष्ण बिसेन सरपंच प्रतिनिधि रटेगांव, श्रीमती शारदा दिलीप टेम्भरे सरपंच बेहरई, प्रियंका पटले,रंजना चौहान, दिलीप टेम्भरे पूर्व सरपंच, नेतलाल ठाकरे, भोजलाल पटले, प्रवेश पटले , सहित ग्रामीण गण मौजूद रहे।

# युवा मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के जन्मदिवस के अवसर पर किया पौधारोपण




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट** । नगर में युवा मोर्चा के सभी साथियों द्वारा भाजपा के यशश्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ मां_के_नाम के तहत बुधवार को आंबेडकर चौक नव निर्माणाधीन गार्डन में पौधा रोपण किया गया, और प्रदेश अध्यक्ष की दीर्घायु होने की कामना की, पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमति मौसम बिसेन , नपा अध्यक्ष श्रीमति भारती सुरजीत सिंह ठाकुर,नगर अध्यक्ष राकेश सेवाइवार, उत्तर मंडल के अध्यक्ष रमाकांत डाहके, राजेश गोमासे,भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, गुड्डू चौधरी, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष श्री गजेन्द्र भारद्वाज ,गणेश अग्रवाल, सुधीर तिवारी, जीतू राजपूत, अखिलेश चौरे, दीपक लिल्हारे, सोनू कसार, रंजीत गोयल, संतोष सिंगारे, प्रज्वल चौरसिया, विशाल मेश्राम, राजेश राउत, आनंद पिछोडे,नितिन नागपुरे, सहित सभी युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे।

## टीम वर्क से मिल रही कंपनी को निरंतर सफलता-सक्सेना

# मॉयल ने अगस्त 2025 में हासिल किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार सार्वजनिक उपक्रम मिनी रत्न श्रेणी की कंपनी मॉयल लिमिटेड ने अपने प्रदर्शन के नये आयाम स्थापित किये है। कंपनी ने अगस्त,2025 में अब तक सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन और बिक्री दर्ज करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

अगस्त माह के उत्पादन की बात करें तो मॉयल ने 1.45 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया। यह आंकडा न केवल कंपनी के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ अगस्त माह का रिकार्ड है। बल्कि पिछले वर्ष के समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि भी दर्शाता है। उत्पादन के स्तर ने स्पष्ट कर दिया हैं कि कंपनी लगातार अपनी उत्पादन क्षमता को बेहतर कर रही है ओर बाजार की मांग को पूरा करने में सक्षम है।

इसी तरह बिक्री के मोर्चे पर कंपनी का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा। अगस्त,2025 में कंपनी ने 1.13 लाख टन की अयस्क बिक्री की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.6 प्रतिशत अधिक है। बिक्री में इस वृद्धि से कंपनी की न केवल बाजार स्थिति मजबूत हुई। उसके राजस्व व लाभांश की संभावना भी अधिक सशक्त हुई है।

अप्रेल से अगस्त 2025 की अवधि के दौरान भी मॉयल ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कंपनी ने इस दौरान 7.92 लाख टन उत्पादन किया जो वर्ष दर 9.3 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही अन्वेषणात्मक गतिविधियों में भी कंपनी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कुल 50621 मीटर अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग की गई। जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यह वृद्धि भविष्य में उत्पादन क्षमता बढाने और संसाधनों के कुशल दोहन की दिशा में कंपनी की सक्रियता को प्रदर्शित करती है।

# गंगुलपारा घाटी के पास यात्री बस पलटी



## बैहर से बालाघाट आ रही थी यात्री बस, ब्रेक फेल होने से हुई भीषण दुर्घटना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-बैहर मार्ग पर बुधवार शाम बड़ा हादसा हो गया। साले टेकरी से बालाघाट आ रही प्राइवेट बस (एमपी 50 पी 0599) पिपरटोला-गांगुलपारा के बीच ब्रेक फेल होने के कारण पलट गई। हादसे में बस में सवार ड्राइवर-क्लीनर सहित पांच लोग घायल हो गए। बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बस का परिचालक अरबाज खान (26 वर्ष, बहेला) को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल लाने का काम शुरू किया। बस में सवार बैहर सिविल हॉस्पिटल के कर्मचारी केके यादव ने बताया कि बस का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके बाद यात्रियों में घबराहट और रोना-धोना शुरू हो गया था। उन्होंने इस हादसे की वजह चालक की लापरवाही बताई है।

वहीं बस चालक किशोरी ने बताया कि बस बंजारी के पास से ही ब्रेक छोड़ चुकी थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। फिलहाल, घायलों को अस्पताल लाने का सिलसिला जारी है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर दिया जा रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण

**बालाघाट।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सर्वांगीण विकास के लिए जिले के 08 विकासखंड के जनजातीय बाहुल्य 200 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। इन ग्रामों के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं इस अभियान के नोडल अधिकारी व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर आदि कर्मयोगी का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास, वन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शासकीय सेवक को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन ग्रामों के विकास की कार्य योजना तैयार करने के लिए राज्य स्तर से प्रशिक्षित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 22 से 24 अगस्त 2025 तक विकासखंड स्तर के नामांकित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। इसी क्रम में 03 सितम्बर से विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जिले के 08 विकासखंड क्रमशः बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी, किरनापुर, बालाघाट कटंगी एवं लालबर्रा में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

## रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे सडक़ बनने का मार्ग हुआ प्रशस्त

# एसडीएम की चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारियों ने हटाया अपना अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक और एसडीएम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने की दी गई चेतावनी के बाद नागरिकों ने ग्राम वारा में बन रहे रेल्वे ओवर ब्रिज के पास की अपनी जमीनों से अतिक्रमण हटाना प्रारंभ कर दिया हैं। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और निर्माण एजेंसी के लोग मौके पर दल बल के साथ उपस्थित रहे। जिन अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था, उनका अतिक्रमण राजस्व विभाग द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाने का कार्य किया गया। यह कार्यवाही वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 4 में स्थित शिव मंदिर के सामने वाली लाइन में की गई। वहीं अधिग्रहण में छूटने वाले व्यक्तियों के नाम जोडऩे की भी बात कही गई। मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विदित हो कि वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 4 और ग्राम पंचायत वारा के मध्य स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य पिछले वर्ष से प्रारंभ है। इस ओवर ब्रिज के दोनों ओर नीचे की तरफ से सडक़ का निर्माण किया जाना है। जिसमें से एक तरफ सडक़ का निर्माण हो चुका है,लेकिन दूसरी तरफ सडक़ का निर्माण नहीं हो पाया है। क्योंकि मौके पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान की दीवार और टीन सेट लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। वहीं कुछ नागरिकों द्वारा अपनी भूमि पर मकान निर्माण किया गया है। रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे किनारे पर 6 मीटर चौड़ी सडक़ का निर्माण होना हैं, जिसमें कई नागरिकों के अतिक्रमण सामने आ रहे हैं, तो वहीं कुछ नागरिकों के मकान बने हुए हैं। शासन ने जिसको लेकर पूर्व में ही भूमि मालिकों की भूमि काअधिग्रहण कर उनको मुआवजा राशि भी प्रदान कर दी हैं।

लेकिन शासन से मुआवजा राशि लेने के बाद भी नागरिकों द्वारा अपना कब्जा नहीं हटाया गया था, जिस पर इन नागरिकों को प्रशासन द्वारा नोटिस भी दिए गए थे। किंतु उनके द्वारा अपना कब्जा नहीं हटाया गया, जिस कारण से निर्माण कार्य रुका हुआ था। इन स्थितियों को देखते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल के साथ एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल मौके पर पहुॅचे थे और उन्होंने अतिक्रमणकारियों को अपने-अपने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

उसके बाद एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व, बिजली व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी दलबल के साथ मंगलवार को मौके पर पहुंचे। जहां निर्माण एजेंसी की जेसीबी, इंजीनियर और कर्मचारी मौजूद रहे। मौके पर अतिक्रमणकर्ताओं को उनका अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया। जहां स्वतः लोगों द्वारा अपने टीन शेड खोलने का कार्य किया गया, तो पक्के निर्माण को जेसीबी के माध्यम से तोडऩे का कार्य किया गया। दो परिवार भूमि अधिग्रहण से छूट गए थे, तो उनका नाम जोडऩे की कार्यवाही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके से ही प्रारंभ कर दी गई। इस दौरान पक्के अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से निर्धारित भाग को तोड़ा गया।

इस दौरान मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, वारासिवनी, रामपायली, खैरलांजी का पुलिस बल एवं राजस्व विभाग, विद्युत विभाग और निर्माण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के रूपझर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। सोनेवानी चौकी के कुंआगोंदी निवासी 62 वर्षीय रामसिंह टेकाम की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। मंगलवार को रामसिंह खेत में घास काटने के लिए हंसिया खरीदने कसंगी गए थे। दोपहर 3 बजे वापस लौटते समय एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। वह रात 11 बजे तक घायल अवस्था में वहीं पड़े रहे। परिजनों को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे उन्हें घटनास्थल से घर ले आए। घर पहुंचने के बाद रामसिंह ने दम तोड़ दिया। बुधवार को पुलिस को इस घटना की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। पंचनामा की कार्रवाही के बाद शव को जिला अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 24 घंटों की बारिश से जलभराव, तीन मार्ग बंद; दर्जनों गांवों का टूटा संपर्क

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में इस वर्ष अब तक जिले में कुल 44 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 इंच अधिक है। इस बारिश के कारण कई जगहों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है और लोगों को दैनिक गतिविधियों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम पंचायत बांदरी में तालाब की मेड़ टूटने से गंभीर स्थिति बन गई है। पंचायत भवन, माध्यमिक शाला भवन और निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य भवन में 1 से 1.5 फुट तक पानी भर गया है। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। पंचायत सरपंच जेसीबी की मदद से जलभराव वाले क्षेत्रों में नाले बना रहे हैं।

पिछले 24 घंटों में जिले में डेढ़ इंच से अधिक बारिश हुई है। बिरसा क्षेत्र में सबसे अधिक चार इंच बारिश दर्ज की गई। इसके कारण भंडारपुर-चारटोला मार्ग, जानपुर-करहू मार्ग और बाकीगुडा-पल्हेरा मार्ग पर स्थित पुलों पर पानी बह रहा है। इन मार्गों को बंद कर दिया गया है। सिवनी जिले के भीमगढ़ बांध से 3 सितंबर को सुबह 9 बजे से वैनगंगा नदी में 21 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बांध के चार गेट एक-एक मीटर खोले गए हैं। यह कार्रवाई बांध का जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए की गई है।



NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111